दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 79 मुरादाबाद 14 July 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## यूपी के कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों पर होगी पुरस्कारों की बौछार, योगी सरकार देगी 11-11 लाख रुपये



उत्तर प्रदेश का संस्कृति विभाग अब राज्य के संस्कृतिकर्मियों, कलाकारों, चित्रकारों, मूर्तिकारों, रंगकर्मियों, नर्तकों, वादकों और लोक कलाकारों को कला के प्रति उनके उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कारों की बौछार करेगा। संस्कृति विभाग को हर साल ऐसे चुनिंदा कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों को 11-11 लाख रुपये के पुरस्कार देगा ही, साथ ही अब उ.प्र.संगीत नाटक अकादमी के अलावा राल्य ललित कला अकादमी, भारतेन्दु नाट्य अकादमी भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह जानकारी प्रदेश के संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यहां लोकभवन में हुई प्रेसवार्ता में दी। अपने विभाग के शुरुआती सौ दिनों के कामकाज का ब्यौरा पेश करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले आयोजन में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, संस्कृति विभाग के अधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं द्वारा पुरस्कार प्रारम्भ किए जाएंगे। संगीत नाटक अकादमी आदि संस्थाओं के पुरस्कारों की राशि बढ़ायी जाएगी। संगीत नाटक अकादमी, ललितकला अकादमी, वृन्दावन अकादमी, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, जैन विद्या शोध संस्थान, राष्ट्रीय कथक संस्थान, लोक एवं जनजातीय कला संस्कृति संस्थान, बौद्ध शोध संस्थान सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार व सम्मान प्रारम्भ करेंगे। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग के विभिन्न संस्थानों और अकादमी के पुरस्कारों की संख्या एवं धनराशि बढ़ाने के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार, दूसरे प्रदेशों एवं राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों का तुलनात्मक चार्ट बनाने के साथ ही एक कमेटी गठित करने का फैसला हुआ है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा तमिलनाडु राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल भेजे गए अधिकारी समूह की अध्ययन भ्रमण रिपोर्ट के आधार पर सफल व श्रेष्ठ प्रयोगों को उत्तर प्रदेश में भी अपनाने की नीति भी तैयार हो रही है। संस्कृति विभाग के अधीन समस्त संस्थाएं अब बच्चों में अपनी कलाओं व संस्कृति के प्रति अभिरुचि जाग्रत करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन प्रशिक्षण कैम्प लगाएगी। संस्कृति विभाग की सभी विधाओं के कलाकारों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट सालभर खुली रहेगी, जिसमें कलाकारों का पंजीकरण निःशुल्क कर दिया गया है। विलुप्त होती जा रही लोक कलाओं को पुनर्जीवित करने के मुख्य उद्देश्य से जिला व मण्डल स्तर पर कलाकारों की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कराकर उदीयमान प्रतिमाओं का पंजीकरण कर उनको पहचान पत्र दिलाया जाएगा और उन्हें बड़े पर्वो, मेलों और अन्य अवसरों पर मंच प्रदान किया जायेगा।

## जब तक सरकार कश्मीरियों का दिल नहीं जीत लेती, आतंकवाद खत्म नहीं होगा: फारूक अब्दुल्ला



जम्मू-कश्मीर में पहले की तुलना में आतंकी घटनाओं में कमी जरूर आई है, लेकिन अंत कब होगा इसका कोई अंदाजा नहीं है। घाटी में हर दिन आतंकी घटनाएं देखने को मिल रही है। इस बीच बुधवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि सरकार घाटी में लोगों का दिल नहीं जीत लेती है और पाकिस्तान से बात करके समाधान नहीं निकाल लेती है। मंगलवार को शहर में आतंकवादियों की ओर से एक पुलिस अधिकारी की हत्या की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीर मुद्दे का समाधान नहीं हो जाता, तब तक लोग मरते रहेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, %उग्रवाद का कारवां खत्म नहीं होगा। उनके ( बीजेपी ) मंत्री और अन्य नेता बयान जारी करते हैं कि यह समाप्त हो गया है, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह तब तक खत्म नहीं होगा जब तक तक आप कश्मीर के लोगों का दिल जीतने की कोशिश नहीं करेंगे और हमारे पड़ोसी देश से बात करके इसका समाधान तलाशें।% श्रीनगर से लोकसभा सांसद अब्दुल्ला ने शहर के लाल बाजार इलाके में सहायक पुलिस उप निरीक्षक मुश्ताक अहमद की हत्या की निंदा की। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि हम नहीं जानते कि हत्यारा कौन है और यहां के लोगों का उद्धारकर्ता कौन है। हम सभी इसकी निंदा करते हैं और दुख की इस घड़ी में परिवार के लिए प्रार्थना करते हैं। नेकां अध्यक्ष ने मारे गए पुलिसकर्मी के परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग भी की है। वहीं, श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में होने को लेकर किए गए सवाल के जवाब में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ भी हो सकता है। अब्दुल्ला ने कहा भगवान हमें बचाएं। हम प्रार्थना करते हैं कि हमें ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। हम श्रीलंका के लोगों के लिए भी प्रार्थना करते है कि भगवान उन्हें इस कठिन समय से बाहर निकालें।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


## 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को मुफ्त में लगेगी बूस्टर डोज, नई रेलवे परियोजना को भी मंजूरी; मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले



देश में 18 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग के लोग सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड टीके की ऐहतियाती ( तीसरी खुराक ) मुफ्त लगवा सकेंगे। बुधवार को कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। मुफ्त ऐहतियाती खुराक 75 दिन के एक विशेष अभियान के तहत दी जाएगी। इसकी शुरुआत 15 जुलाई से होगी। उन्होंने बताया कि अब तक 199 करोड़ 60 हजार टीकाकरण हुआ है। अनुराग ठाकुर ने कहा, भारत आजादी के 75 वर्ष मना रहा है। आजादी का अमृत काल के अवसर पर एक निर्णय ये भी लिया गया है कि 15 जुलाई 2022 से अगले 75 दिनों तक 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मुफ्त में बूस्टर डोज दी जाएगी। अभी तक 18 से 59 साल की 77 करोड़ पात्र आबादी में से एक प्रतिशत से भी कम को ऐहतियाती खुराक दी गई है। हालांकि 60 साल से अधिक उम्र के लगभग 16 करोड़ लोगों तथा स्वास्थ्य कर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में से करीब 26 प्रतिशत लोग बूस्टर खुराक ले चुके हैं।इसके अलावा उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की मंजूरी दी है। 116 किमी की ये नई रेलवे लाइन मात्र 4 साल में बनकर तैयार हो जाएगी और इसमें 2798 करोड़ खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस नई रेलवे लाइन से गुजरात और राजस्थान के सीमांत क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण स्थान को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा स्थित गतिशक्ति विश्विद्यालय को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलेगा।

# इस बार वाधा नहीं बनेंगे वाहन फिर भोले के भक्तों को राह हुई आसान

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- कछला गंगा घाट पर जिला अधिकारी दीपा रंजन एडीजी राजकुमार एसएसपी डॉ ओपी प्रसाद सिंह व अन्य अधिकारी गण ने मौके पर जाकर गंगा घाट का व्यवस्था जायजा लिया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर डीजीपी तक कावड़ियों की व्यवस्था को दुरुस्त करने में जिले के अधिकारी को निर्देश दे चुके हैं जिसमें जिला प्रशासन व्यवस्थाओं में जुट गया है ऐसे में जिले में भी कावड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कतें और परेशानियों को पहले से ही खत्म करने के लिए पुलिस और प्रशासन व्यवस्थाओं में जुट गई है जिससे कावड़िया को कोई भी किसी प्रकार की परेशानी उठानी ना पड़े इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने कावड़ यात्रा



मार्ग को पूरी तरह खाली रखने का निर्णय लिया है जिला प्रशासन ने कावड़ यात्रा मार्ग के लिए खाली करने के लिए वाहनों को आने जाने के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है और जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर टीम एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है जिसके लिए प्रशासन ने पहले ही नक्शा बनाकर तैयार कर लिया था शुक्रवार रात से ही सभी नौ रूपों पर डायवर्जन कर दिया गया है जिसके लिए आसपास के सभी जिलों के डीएम व एसएसपी को जिला अधिकारी ने पत्र लिखकर डायवर्जन की कॉपी भेज दीजिए वही कछला गंगा घाट का निरीक्षण के समय जिलाधिकारी व एसएसपी ने सीओ से उझानी शक्ति सिंह के साथ कछला गंगा घाट पर जाकर कावड़ यात्रा से संबंधित तैयारियों का जायजा भी लिया

# प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका भाइयों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा प्रेमी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- मडराक एक प्रेमिका अपने प्रेमी द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गई कुछ देर बाद प्रेमी पहुंच गया प्रेमिका के घर वालों ने, दोनों को पकड़ लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया मामला मडराक थाना क्षेत्र के अलग-अलग 2 गांव से जुड़ा हुआ है बताते हैं कि आमने-सामने गांव में रहने वाले दो प्रेमियों में पिछले कई वर्षों से प्रेम संबंध हैं पिछले दिनों प्रेमिका को भी उसके घर वालों ने फोन पर प्रेमी से बात करते हुए पकड़ लिया जिसके बाद उन्होंने फोन छीन लिया और बंदिशें लग,दी सुबह प्रेमी ने प्रेमिका को मिलने के लिए आगरा रोड स्थित एक खेत में बुलाया प्रेमिका भी उपले पाथने का बहाना बनाकर प्रेमी से मिलने पहुंच गई प्रेमिका के घर वाले उपले, पाथने के स्थान पर पहुंच गए लेकिन वहां युवती नहीं मिली तो उन्होंने तलाश करते हुए दोनों को आपत्तिजनक हालात मैं पकड़ लिया मौके से भाग रहे प्रेमी को प्रेमिका के भाइयों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी सूचना पाकर पुलिस प्रेमी को थाने ले आई इस्पेक्टर वीरेंद्र भारती ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है दोनों का प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है

# कॉविड, 19 का पैसा आशाओं के खाते में अति, शीघ्र भेजा ,जाए- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि कोरोना कार्यकाल का आशाओं का पैसा कोविड-19 का 12000 प्रति आशा के हिसाब से पैसा आशाओं के खाते में अति शीघ्र डाला जाए वह पैसा आशाओं की बड़ी मेहनत का पैसा है जान पर बाजी लगाकर के कोरोना कार्यकाल में बहुत मेहनत का पैसा है कोविड-19 का पैसा आशाओं का सीएमओ ऑफिस में लटका पड़ा है जोके अभी तक उनके खाते में पैसा नहीं डाला गया है सरकार ने कोविड-19 का पैसा समय से भेज दिया है लेकिन अधिकारियों ने अभी तक पैसा उनके खाते में नहीं डाला है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि स्वास्थ्य केंद्र हरदुआगंज मैं भी आशाओं को काफी परेशान किया गया था ?2000 के पीछे प्रत्येक आशा से ?2000 मांग रहे थे आशाओं द्वारा पैसा ना देने पर उनके खाते में डालने से मना कर दिया बड़ी मुश्किल से वहां से पैसा पास हुआ है आप उसे हम ऑफिस में अटक गया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि अति शीघ्र 24 घंटे में पैसा आशाओं का खाते में नहीं डाला गया सीधी शिकायत उत्तर प्रदेश के माननीय डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री जी माननीय बृजेश पाठक जी को लिखित में भेजी जाएगी अति शीघ्र आशाओं के खाते में पैसा डाला जाए

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का किया औचक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान कार्यालय की समस्त शाखा- प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डी0सी0आर0बी0, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस ईकाई, ए0एच0टी0यू0, आयोग सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, आई0जी0आर0एस0 शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सी0सी0टी0एन0एस0, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण/भ्रमण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी की साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डी0सी0आर0बी0 शाखा को अभियान चलाकर अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्यवाही करने, जनशिकायत व आई0जी0आर0एस शाखा को



जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने, प्रधानलिपिक शाखा में लंबित प्रारम्भिक जांच का शीघ्र निस्तारण व समस्त चरित्र पंजिकाओ में मंतव्य अंकन कराने, आंकिक शाखा को सभी जी0पी0एफ0 पासबुको को अध्यावधिक करने, सीसीटीएनएस शाखा को सीसीटीएनएस प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने व समय-समय पर कार्यशाला आयोजित कराने, विधिक शाखा को न्यायालय से प्राप्त रिटों में समय से आख्याएं दाखिल कराने, साइबर सेल को ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित शिकायतों में पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने, मॉनीटरिंग सेल को पॉक्सों व महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने, सोशल मीडिया सेल को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखने व एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समयबद्ध निस्तारण करने व अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए,इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पेशकार पुलिस अधीक्षक उ0नि0 अजय कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उ0नि0 अर्जुन पटेल सहित समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट क्लास की जाँची जमीनी हकीकत ,अपर सचिव भारत सरकार ने चेकडैम का निरीक्षण कर लिया जायजा किया वृक्षारोपण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती अपर सचिव भारत सरकार/केन्द्रीय नोडल अधिकारी कामरान रिजवी ने विकासखण्ड सिरसिया के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसिया में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में नोडल अधिकारी ने स्मार्ट क्लास में कम्प्यूटर के माध्यम से बच्चों को हाईटेक शिक्षा दी जा रही थी। कक्षा में जाकर छात्र/छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। छात्र/छात्राओं से हिन्दी वर्णमालाए अंग्रेजी वर्णमालाए गणित के बारे में



प्रश्न पूछकर पढाई के गुणवत्ता की जांच की। नोडल अधिकारी ने कहा कि यहां पर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं है इसलिए गुरूजन अपनी व्यक्तिगत रूचि लेकर अपनी सहभागिता निभा कर बच्चों को पढ़ायें बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु स्तरानुकूल कक्षा.शिक्षण पर बल दिया जाये एवं बच्चों के ज्ञानात्मक स्तर के आधार पर उनके साथ कक्षा शिक्षा का कार्य सम्पादित किया जाये। विद्यालय में जो भी छात्र पढ़ाई में कमजोर हो उनको अध्यापकों द्वारा अतिरिक्त कक्षा में पढ़ाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, उप जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी एपी यादवए जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक जुनैद, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारीए परियोजना निदेशक इंद्रपाल सिंह, डीपीआरओ आनंद प्रकाश श्रीवास्तवए खंड विकास अधिकारी सिरसिया डा0 जीतेंदनाथ दूबे सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री और बसपा नेता हाजी याकूब कुरैशी पर चला 'योगी का डंडा', 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क



बसपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की करीब 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी को मेरठ पुलिस प्रशासन ने कुर्क कर लिया है। हाजी याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटे खरखोदा में दर्ज मुकदमे में फिलहाल फरार चल रहे हैं। पुलिस के नोटिस और कोर्ट के आदेश के बावजूद तीनों में से कोई भी अभी तक कोर्ट के सामने पेश नहीं हुआ था। इसी के चलते यह कार्रवाई बुधवार दोपहर को मेरठ पुलिस प्रशासन की टीम ने की है। खरखोदा के अलीपुर में याकूब के बेटे इमरान की मिट फैक्ट्री है। इसी फैक्ट्री पर 31 मार्च 2022 को मेरठ पुलिस प्रशासन की टीम में छापेमारी की थी। सूचना मिली थी कि फैक्ट्री में अवैध रूप से मीट पैकिंग की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने मौके से भारी मात्रा में फंगस लगा हुआ मीट भी बरामद किया था, जिससे बाद फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। इसी मामले में हाजी याकूब कुरैशी, उनके बेटे इमरान, फिरोज और पत्नी संजीदा बेगम समेत 17 लोगों पर खरखोदा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी इसी मामले में हाजी याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटे फरार हैं। फिलहाल हाजी याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम इस मामले में जमानत पर बाहर है। बुधवार को पुलिस प्रशासन की टीम ने हाजी याकूब कुरैशी की कोठी और फैक्ट्री पर कुर्की की कार्रवाई शुरू की है। करीब 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा।फिलहाल हाजी याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम इस मामले में जमानत पर बाहर है। बुधवार को पुलिस प्रशासन की टीम ने हाजी याकूब कुरैशी की कोठी और फैक्ट्री पर कुर्की की कार्रवाई शुरू की है। करीब 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

# दंगा नियंत्रण और आतंकियों को सबक सिखाने का विशेष प्रशिक्षण लेकर पीएसी का हिस्सा बने 917 जवान

मुरादाबाद- बीएसएफ, सीआरपीएफ समेत अन्य फोर्स के जवानों की तरह विशेष प्रशिक्षण लेकर 917 जवान पीएसी का हिस्सा बन गए। दंगा नियंत्रण और आतंकवादियों को सबक सिखाने की भी इन जवानों ने शानदार ट्रेनिंग प्राप्त की है। मंगलवार को मुरादाबाद में चार स्थानों पर पासिंग आउट परेड आयोजित की गईं। इस दौरान जवानों के परिजन भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वांग सर्वोत्तम चुने गए कैडेटों को सम्मानित किया गया। 23वीं, 24वीं 9वीं वाहिनी पीएसी और पुलिस लाइन में छह माह से पीएसी के प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण चल रहा था। आउटडोर, इनडोर व फाइल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 917 प्रशिक्षु सिपाही मंगलवार को पासिंग आउट परेड का हिस्सा बने। इन जवानों को बीएसएफ, सीआरपीएफ समेत अन्य फोर्स की तर्ज पर दंगा नियंत्रण, आतंकवादियों को सबक सिखाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। पुलिस लाइन में एडीजी पीटीसी रवि जोसेफ लोक्कू ने 228 जवानों की परेड की सलामी ली। 23 वीं वाहिनी पीएसी में डीआईजी शैलेंद्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे और इन्होंने 224 जवानों की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। नौवीं वाहिनी में 196 पीएसी जवान पास आउट हुए। आईजी पीएसी अमित चंद्रा ने परेड की सलामी ली। 24 वीं वाहिनी में एडीजी पीटीसी रवि जोसेफ लोक्कू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने 269 पीएसी जवानों की परेड की सलामी ली। इस दौरान पास आउट होने वाले जवानों के परिजन भी अतिथि दीर्घा में मौजूद रहे। जवानों की टोलियां मुख्य अतिथि के सामने से कदमताल करते हुए गुजरीं तो परिजन भी तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक पाए। 9वीं पीएसी में पास आउट हुए कैडेटों में विजय कुमार रावत को आउटडोर और इनडोर में शानदार प्रदर्शन करने पर सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया। पुलिस लाइन में शिवम कुमार, 23वीं पीएसी में सर्वांग सर्वोत्तम सौरभ कुमार को चुना गया।

# मूंढापांडे में डीसीएम की टक्कर से कार ट्रक से टकराई, भांजे की मौत

मुरादाबाद-मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात ओवरस्पीड डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी, जिसके बाद कार ट्रक से टकरा गई। कार में सवार भांजे की मौत हो गई, जबकि मामा समेत चार लोग घायल हो गए। सभी लोग कार से काम करने के लिए लुधियाना जा रहे थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले आकाश ( 19 ) पुत्र राजेश कुमार रामपुर के बिलासपुर के रहने वाले थे। मंगलवार रात करीब दस बजे आकाश अपने मामा श्याम सिंह, रवि और एक अन्य दोस्त के साथ लुधियाना बजरी बदरपुर के प्लांट में काम करने के लिए कार से जा रहे थे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मीपुर कट्टई के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से कार में टक्कर मार दी। इससे कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में आकाश की मौत हो गई। मूंढापांडे थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते हुए करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

मुरादाबाद- गजरौला ( अमरोहा )। आंबेडकर नगर चौहानपुरी एक घर में ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय दंपती और उनके दो पुत्र करंट की चपेट में आ गए। लोगों ने बिजली आपूर्ति को बाधित कराकर चारों को छुड़ाया लेकिन तब तक गंभीर रूप से झुलस गए चारों को परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सकों के यहां ले गए लेकिन उनको भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद मुरादाबाद ले जाते समय ई-रिक्शा चालक और उसके बेटे ने मुरादाबाद ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस के मुताबिक नगर में चौहानपुरी और आंबेडकर नगर के बीच एक गली का अंतर है। दोनों मोहल्ले के बीच निवासी 40 वर्षीय राकेश कुमार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। उनका बड़ा बेटा कपिल ( 19 ) बीए फाइनल का छात्र था। सोमवार की रात राकेश कुमार अपने घर में ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगाकर सो गया। मंगलवार की सुबह छह बजे ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। पिता के बिजली करंट की चपेट में आने पर बेटा कपिल दौड़कर पहुंचा। जैसे ही उसने पिता को सीधे हाथ पकड़ कर छुड़ाने की कोशिश की तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। पिता-पुत्र के बिजली करंट की चपेट में आने पर दूसरा बेटा सचिन उर्फ निगम और राकेश की पत्नी किरन दौड़े और वे दोनों भी करंट की चपेट में आ गए। के लोग दौड़े और आनन फानन घर की बिजली आपूर्ति काटी और चारों को छुड़ाया। मोहल्ले के लोग व परिजन उपचार के लिए चारों को लेकर दौड़े। नगर के तीन निजी चिकित्सकों के यहां ले गए लेकिन हालत गंभीर होने के कारण राकेश और उसके पुत्र कपिल को चिकित्सकों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। किरन सचिन को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराने के बाद परिजन राकेश व कपिल को मुरादाबाद ले गए लेकिन उन दोनों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दोनों का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने दोनों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। गजरौला में ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय दंपती व उनके दो बेटों को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। जिसमें पिता-पुत्र की मुरादाबाद ले जाते समय मौत हो गई। मां-बेटे की हालत नाजुक बनी है। - अरुण कुमार सिंह सीओ मंडी धनौरा

# गुरु पूर्णिमा पर हुआ पंच कुंडीय यज्ञ और भंडारा

मुरादाबाद-गुरु पूर्णिमा पर प्रज्ञा पीठ पर पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दो हजार श्रद्धालुओं ने भोजन भोजन ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार गायत्री प्रज्ञा पीठ पर बृजमोहन चौहान की देखरेख में पंच कुंडीय यज्ञ और हवन पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विश्व शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान टिकराज सिंह, ओमवती शर्मा, केशो देवी, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे। बाद में शक्ति पीठ पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

## संपादकीय Editorial

# Top in population

The news that India is going to be the most populous country in the world next year has shocked as much as it worried. The report released by the United Nations on World Population Day has said that India will become a country with more population than China in the year 2023 itself. Earlier it was estimated that in the year 2027, India will be the most populous country in the world. That means, four years before the estimate, India will be told and taught as the most populous country in the world. According to the latest United Nations report, the world population is estimated to reach eight billion by mid-November 2022. Asia alone accounts for 61 percent of the world's population. This report clearly indicates that where there is less population, there is more prosperity, but if there is a shortage in the countries with more population, then there must be a look at the expenditure on human resource development. Per capita income should also be looked at. The challenges for India will increase after the latest UN estimates. Our population control policies have been very liberal, due to which we have not been able to stop the pace of population growth according to the need. China had strictly implemented the one-child policy in the year 1979 itself, as a result of which it was successful in stopping the pace of population. It needs to be noted that in the year 1800, the population of India was about 16.90 crores. China was once almost twice that of India in terms of population. After 1950, the population of both the countries started increasing rapidly. In the year 1980, China reached one billion population. Just a year before this, the one child policy was implemented there. India crossed the one billion mark in the year 2000 and is now going to overtake China next year. China has withdrawn the one-child policy in 2016, but despite this, the population will not increase rapidly, because both the culture and thinking have changed there. India now has no way but to be strict. The government should keep in mind that there should be no comparison between China and India. India is three times ahead of China in terms of population density. China is a geographically large country and the development of the economy there is also very fast. India will have to nail down not only its human resource development but also its population control policies. It is necessary to increase the expenditure on human resources and health, so that awareness comes among the people. On Population Day, the Chief Minister of Uttar Pradesh has rightly said that all sects, religions and classes should be connected equally with the efforts of population stabilization. Indeed, awareness has come in a large section of the country, people have started understanding the meaning of more population, but still there are a large number of people who do not consider population as a problem. Such people will now have to be marked separately. Such people need to be explained practically and at the same time, new norms of strictness will have to be set. The old restrictions have failed.

# Vicky Kaushal's wife Katrina Kaif is pregnant! Will you share pictures with baby bump?

The news of Bollywood actress Katrina Kaif's pregnancy has once again intensified. Fans are constantly posting and commenting on social media that Katrina Kaif is pregnant and will announce it herself soon. But after all, what is the reason for this series of speculations that started once again? So let us tell you that Katrina Kaif has been missing from social media for a long time and Papps has not got any glimpse of her. Why has Katrina Kaif been away from the limelight? - If seen, this is the first time that Katrina Kaif, who is very active on social media, is not seen anywhere. So are the fans guessing right? It is too early to say anything about this at the moment. It would be better to wait for Katrina Kaif to announce it herself. After Alia Bhatt, Katrina is also pregnant now? - Alia Bhatt, who tied the knot this year, has announced her pregnancy only recently. The news of Ranbir Kapoor and Alia Bhatt's pregnancy was revealed only after 3 months of their marriage and now it is being said that Katrina Kaif will also soon come on social media and give good news to the fans. In the live chat, the fans had openly asked this question- Talking about Katrina Kaif's public appearance, she was last seen in the luxurious party of Karan Johar's 50th birthday. Since then Katrina Kaif has been completely absent. Recently, in a social media live chat related to Katrina Kaif, most of the fans were seen asking the reason for Katrina being away from the limelight but no concrete answer has come from Katrina's team yet.



# When Katrina Kaif spoke on Salman's work with lookalike Zareen, I miss you...

Salman Khan has been in the news for finding girls who look like his ex-girlfriends. Sneha Ullal and Zareen Khan are examples of this. In an old interview, Katrina Kaif was asked about this. Katrina was asked if Salman Khan worked with Zareen Khan in 2010 because she looked like him. To this, Katrina replied that she liked to hear that Salman misses her, that is why she is working with girls like her. Zareen Khan made her debut in the film Veer opposite Salman Khan. Katrina praised Zareen - Salman Khan and Katrina Kaif worked together for the first time in 2005 in the film Maine Pyaar Kyun Kiya. The director of the film was David Dhawan. The film also featured Sushmita Sen. After this, Salman has worked together in many films like Katrina Partner, Ek Tha Tiger. In the year 2008, Katrina Kaif was asked about Zareen. Then preparations were on to launch Zareen. Then Katrina had said that she finds Zareen lovely, and also said that Zareen does not look like her. Katrina had told that during Veer's screen test she helped Zareen's make-up with a girl like Salman Meri... - When asked if Zareen was signed in Salman Khan's film because she was like Katrina Do you see? On this in 2008, Katrina told Zareen Khan, is it not a matter of praise? I think it's very sweet. I also helped him during the screen test. She is a lovely girl and hope she does a great job. Although I don't think she looks like me. But if Salman misses me and wants to work with a girl who looks like me, that's a good thing.



# अन्तर्राज्यीय बाइक चोर गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार, 06 बाइकें और 01 कटी हुई बाइक बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक बी बी जी टी एस मूर्ति के निर्देशन में थाना सिढपुरा में पुलिस चैकिंग के दौरान सर्विलांस टीम की सक्रियता से थाना सिढपुरा के अन्तर्गत धुमरी रोड पर शंकर भट्टा के पास वाहन चोरी की योजना बनाते, मुखबिर की खास सूचना पर एस ओ जी और सिढपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही पर सी ओ पटियाली आर के तिवारी के नेतृत्व में सत्यवीर उर्फ सत्य प्रकाश पुत्र जमादार सिह नि.गाँव मझोला. थाना पटियाली, महेश पुत्र रामसिंह नि. मो. कानून गोयान, थाना व कस्बा पटियाली, सुशील कुमार पुत्र देवेंद्र सिंह नि. सुदामा पुरी, कस्बा व थाना सिढपुरा सभी जनपद कासगंज प्रवीण कुमार पुत्र अर्जुन सिंह नि. ग्राम रजोर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चार मोटर साइकिल बरामद की तथा अभियुक्तों से कड़ाई से की गई पूछताछ में बताया कि चारों ने तीन मोटर साइकिलें कबाड़ी इरशाद पुत्र साबिर नि. मौ.इस लाम नगर कस्बा व थाना सिढपुरा कासगंज को बेचीं हैं पुलिस ने उसके यहाँ से दो मोटर साइकिल और एक मोटर साइकिल कटी हुई बरामद, पुलिस अधीक्षक बी बी जी टीएस मूर्ति ने बताया कि इनका गिरोह हरियाणा तथा अन्य राज्यों में भी सक्रिय हैं जिसका पुलिस पता लगा रही है जिसमें इनके बड़े नैटवर्क के पता चलने की संभावना है फिलहाल चोरी का माल बरामद होने पर इनके खिलाफ थाना सिढपुरा में मु.अ.सं. 115/22 धारा 401 . 411 , 413, भा.द. वि. के अन्तर्गत दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है!

# परिवार परामर्श केंद्र एटा ने काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े एक परिवार को जोड़ा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित "परिवार परामर्श केंद्र एटा" में आज दिनांक 13/07/22 को एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला कोतवाली नगर एटा के जाटव पुरा निवासी राजू पुत्र मूलचंद व उसकी पत्नी राधा पुत्री कालीचरण निवासी बाल्मीकि बस्ती थाना गांधीनगर ज़िला अलीगढ़ का है, दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था जिस पर दोनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई , आज दोनों के बीच मतभेद दूर कराकर खुशी खुशी विदा किया गया।

आपसी मतभेद दूर करते हुए दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए, आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी नंदिनी सिंह काउंसलर अकरम खान, ब्रजवाला वशिष्ठ, गीता शर्मा, अनिल कुलश्रेष्ठ, संजीव तिवारी, प्रीती अमोरिया, सीमा मल्होत्रा, सचेन्द्र गुप्ता के अलावा हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, मीना रानी, महिला आरक्षी पूजा यादव, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी, एवं विधायक सदर द्वारा जिला अस्पताल में डायलासिस यूनिट का उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज- जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा विधायक सदर देवेंद्र राजपूत ने आज यहाँ जिला अस्पताल में डायलासिस यूनिट का उद्घाटन किया इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लम्बे इन्तजार के बाद यह सुविधा जिला अस्पताल में प्राप्त हुई है, निश्चित ही आम जनता को इससे लाभ होगा,, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत ने कहा कि अब क्षेत्र की जनता को महंगे इलाज से निजात मिलेगी और जरुरत मंद लोगों को जिले से बाहर, डायलासिस के लिए नहीं जाना पड़ेगा!

## बहला फुसला कर भागा ले जाने वाली नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने का परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकरी अलीगंज श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 72/2022 धारा 363 भादवि से संबंधित अपहृता पीड़िता को दिनांक 12.07.2022 को समय करीब 19ः35 बजे रोडवेज बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# एम0 एस0 पी0 गारंटी कानून, उ0 प्र0 को सूखाग्रस्त घोषित करने एवं अग्निपथ योजना वापिसी को आक्रोशित किसान, नोजवानों प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आपको अवगत कराना है कि संयुक्त किसान मोर्चा उ0 प्र0 के सहयोगी किसान संगठनों सहित अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा उ0 प्र0 के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है उक्त ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि 9-10 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून की वापिसी, बिजली कानून 2020 की वापिसी, पराली कानून वापिसी की घोषणा एवं एम एस पी गारंटी कानून पर कमेटी सहित अन्य मांगों को लेकर दिल्ली में चले आंदोलन को देश के सभी किसान संगठनों ने सरकार के आश्वासन के आधार पर स्थगित कर दिया था परंतु आज सात माह बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार ने अधिकांश वायदों पर कोई अमल किसान, मजदूर के हक में नहीं किया है अपितु वायदा खिलाफी कर किसान, मजदूर, नौजवानों का शोषण करने पर तुली है। इस वजह से किसान, मजदूर, नौजवानों में काफी आक्रोश व्याप्त है आज दिनांक 12-07-2022 को उत्तर प्रदेश के जनपद मुख्यालयो पर किए गए प्रदर्शनों में निम्नलिखित मांगों को प्रमुख रूप से उठाया गया बैठक के अंत में उपजिलाधिकारी एटा श्री रामनयन जी को ज्ञापन सौंपा - 01 ः- एम0 एस0 पी0 गारंटी कानून बनाकर किसानों को दूध फल सब्जी अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए। 02 ः- देश के नौजवानों के भविष्य एवं देश की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अग्निपथ अग्निवीर योजना को रद्द किया जाए। 03 ः- सरकार द्वारा वायदा खिलाफी कर किसानों के निजी नलकूपों पर जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं उन्हें बंद किया जाय। 04 ः- आंदोलन के दौरान शहीद किसानों को 50 लाख रुपए प्रति परिवार मुआवजा दिया जाए एवं किसानों पर लगाए गए मुकद्दमे वापस लिए जाएं। 05 ः- गन्ना किसानों का ब्याज सहित तत्काल भुगतान कराया जाए। 06 ः- छुट्टा जानवरो से किसानों की फसल को बचाने हेतु पशुवाडे बनवाए जाए एवं पशुओं से हो रहे नुकसान का पीड़ित किसानों का मुआवजा दिलाया जाए। 07 ः- उ0 प्र0 को सूखाग्रस्त घोषित कर प्रभावित शत प्रतिशत किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। 08 ः- किसान मजदूर को कर मुक्त डीजल - पेट्रोल - गैस - घरेलू बिजली उपलब्ध कराई जाए। 09 ः- किसानों के सभी प्रकार के ऋण एवं बिजली विभाग के बकाया को माफ किया जाए। 10 ः- मनरेगा को कृषि से जोड़ते हुए सरकार द्वारा मजदूर भाईयो को किसानों को कृषि कार्य हेतु निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। 11 ः- किसानों को के सी सी - ट्रैक्टर आदि के रूप में 10 लाख तक के ऋण को ब्याज मुक्त दिलाया जाए। 12 ः- महगाई को देखते हुए किसानों को दूध का मूल्य 100 रुपए प्रति लीटर दिलाया जाए। 13 ः- किसान, मजदूरों की साइकिल, मोटरसाइकिल, से होने वाले हादसों को बचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़को के फुटपाथों को साफ कराकर समतल कराया जाए। योजक संजीव प्रधान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सोलंकी, युवा राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर देव कांत जी, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सोलंकी, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप अहीर, संरक्षक बाबूराम वर्मा, एसपी राजपूत सदस्य जिला पंचायत, जिलाध्यक्ष विजय कुमार उर्फ पिंकी भैया, जिला महासचिव शिव शंकर फौजी, नगर प्रभारी जाहिद अब्बास, हरदेव सिंह वर्मा, राजा सोलंकी, राकेश कुमार, हाकिम सिंह, चंद्र प्रकाश प्रधान, धनीराम राजपूत, बबलू, राजेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, महाराज सिंह लोधी, होडल सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।


ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM


## एटा में उल्टी दस्त का भारी कहर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गाँव उधिमपुर में 70 से ज्यादा लोग हुए बीमार, उल्टी दस्त से गाँव मे 1 बच्ची की हुई मौत, एटा के गाँव उधिमपुर में उल्टी दस्त का भारी प्रकोप, हर घर मे 4 से 5 लोग पड़े है खटिया पर बीमार, गाँव मे करीब 70 से ज्यादा लोग उल्टी दस्त से बीमार, एक 3 वर्ष की मासूम बच्ची की डायरिया से हुई मौत, गाँव उधिमपुर के ग्राम प्रधान ने इस बीमारी को गंभीरता से लेते हुए एटा सीएमओ उमेश कुमार त्रिपाठी को दी उल्टी दस्त बीमारी की जानकारी, एटा सीएमओ उमेश कुमार त्रिपाठी ने सूचना के बाद तत्काल डॉक्टरों की 4 सदस्यीय टीम गठित कर गाँव भेजकर कराया गया इलाज, बीमार सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इलाज दिया गया और इस बीमारी से 3 वर्ष की एक मासूम बच्ची की आज हो चुकी है मौत,


आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर, विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सिटी मजिस्ट्रेट का हुक्म न मानने वाला दबंग व्यापारी

## गिरफ्तार चौक से होगा रोड का निर्माण

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-सिटी मजिस्ट्रेट के हुक्म को न मानने वाले दबंग व्यापारी विनय गुप्ता को पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने आज सिल्वर साइन से रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण जमाना का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण न हटाए जाने वाले वाली दुकानों व मकानों के सामने सड़क की चौड़ाई नापी गई। सिंधी कॉलोनी में मनोहर लाल बजाज आदि की कई दुकानें व मकान अतिक्रमण की जद में निकले। जब अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ने का प्रयास किया गया तो मालिकों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई। अनू बेकरी बालों की दुकानों के पिलर भी अतिक्रमण में पाए गए। बाल्मीकि का त्रिमूर्ति मंदिर के गेट तक अतिक्रमण पाया गया। ईओ रविंद्र कुमार ने मंदिर के मालिक को गेट के बाहर लगी दोनों मूर्तियों को हटाकर पटिया तोड़ने को कहा। सिंधी पंचायत के मुखिया आत्माराम डावानी ने नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत की कि अभियान के तहत सात दुकानों के शटर उखाड़ कर पीछे लगाए जाने हैं। लेकिन कथित दबंग दुकानदार विनय गुप्ता सटर नहीं लगने दे रहा है। श्री डावानी ने नगर मजिस्ट्रेट को बताया कि जब अंदर सटर लगाने का प्रयास किया गया तो विनय गुप्ता ने आपके लिए भी अपशब्दों का प्रयोग



करते हुए कहा है कि देखें कैसे सिटी मजिस्ट्रेट सटर लगवाती हैं। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने मौके पर मौजूद रेलवे रोड चौकी इंचार्ज जुगल किशोर पाल से दुकानदारों के सटर लगवाने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य में रुकावट डाली जाए तो उसे उसे गिरफ्तार कर लेना। रस्तोगी कॉलेज के सामने महेश चंद डा वानी चंद्र प्रकाश डावानी दिनेश चंद नरेश शर्मा सुरेश सिंह सहित सात दुकानों के शटर उखाड़कर अंदर लगने थे। रेलवे रोड के अतिक्रमण अभियान के समाप्ति की घोषणा के दौरान नगर मेजिस्टेट ने मीडिया को बताया की विषम परिस्थितियों में दो-चार लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ समय दिया गया है और जिन लोगों ने छज्जे तोड़े हैं उनको भी अतिक्रमण साफ करने की हिदायत दी गई है। योजना के पास होते ही चौक बाजार से नाली व सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इससे पूर्व ठिलिया दुकानदारों की सुविधा के लिए स्थान की व्यवस्था की जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया की शुरुआत में अतिक्रमण हटाने के दौरान बिना मानचित्र के निर्माण कार्य कराने वालों की जांच कराई गई थी। एक होटल मालिक सहित 10 लोगों के निर्माण कार्य के मानचित्र नही पाए गए हैं। जिन को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। न्यायालय में सुनवाई कर ऐसे भवन मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। नगर मजिस्टेट के चले जाने के बाद रेलवे रोड चौकी इंचार्ज ने विनय गुप्ता को सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश की जानकारी देकर निर्माण में सहयोग करने को कहा। विनय ने सटर लगवाने से साफ मना कर दिया गुस्साये चौकी इंचार्ज ने फोन पर व्यापारी की शिकायत शहर कोतवाल से की और विनय से भी कोतवाल की फोन पर बात भी कराई। चौकी इंचार्ज ने काफी देर तक निर्माण कार्य में सहयोग करने के लिए विनय को मनाया लेकिन उसने पुलिस की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। मजबूरन चौकी इंचार्ज विनय को कोतवाली ले गए फोन पर पूछे जाने पर चौकी इंचार्ज ने बताया कि विनय गुप्ता का शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया गया है। बताया गया कि विनय के पकड़े जाने के बाद चंद्र प्रकाश वानी उर्फ भूरा एवं नरेश शर्मा की दुकान में सटर लगाया गया। जब गुड्डू सिंधी अपनी दुकान का शटर लगवा रहे थे तभी राजीव गुप्ता के परिवार की महिलाओं ने मजदूरों के साथ बदसलूकी की। जिसके कारण मजदूरों ने कार्य करने से मना कर दिया सिंधी समाज के मुखिया आत्माराम भवानी पुनः सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत कर दुकानों के सटल लगवाएंगे। रस्तोगी इंटर कॉलेज के सामने एवं सिंधी कॉलोनी के आवास के अतिक्रमण न हटाए जाने पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

## चोरी की 1 मोटर सायकल सहित 2 गिरफ्तार, चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दिनांक 25.06.22 को ग्राम बांसापारा निवासी सतीश साहू ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 जून को अपने पिता के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीबी 2931 को लेकर शिवप्रसादनगर के साप्ताहिक बाजार गया था जहां मोटर सायकल खड़ा कर बाजार करने गया और वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां पर नहीं था। प्रार्थी की रिपोर्ट अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। ने पर दोनों ने मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल कीमत करीब 35 हजार रूपये को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अमरेन्द्र दुबे व सुरेश साहू सक्रिय रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी ली



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को पी0टी0 कराई गई तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रत्येक दिन पी0टी0, योगासन आदि करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# नशे के अवैध कारोबार की सूचना

## पुलिस को देने अपील



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर मंगलवार को थाना प्रभारी ओड़गी ने ग्राम लांजित में चलित थाना लगाया और नागरिकों कई महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराकर उन्हें जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को जमीन संबंधी विवाद न करने, ऑनलाईन ठगी की घटना की जानकारी देते हुए ठगों के झांसे में न आने की समझाईश दी। नशा से होने वाले हानियों के बारे में ग्रामीणों को बताया, नशा करने से घर तबाह हो जाते है,

नशा से आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक क्षति होती है, नशा न करने की समझाईश देते हुए कहा कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस तक जरूर पहुंचाए ताकि समाज को खोखला करने वालों ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। गांव की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने तथा सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर चर्चा कर सुझाव लिए गए। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## गुड टच बैड टच-स्कूली बच्चों को गुड टच, बैड टच की पुलिस ने दी जानकारी




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-थाना झिलमिली पुलिस ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत स्कूली बालक-बालिकाओं को गुड टच, बैड टच व होने वाले साइबर क्राइमों से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने महिला सुरक्षा से जुड़ी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया और उसे कैसे आपरेट किया जाता है उसकी जानकारी दी। बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए मोबाइल का सदुपयोग करने, अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करने, बैंक खातों की जानकारी नहीं देने तथा अपने निजी डाटा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने पूछा कि थाना में पुलिस कैसे काम करती है जिस पर एसडीओपी ने पुलिस के कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया। थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने की समझाईश दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मुहबोले बेटे मिलने पहुचे वृद्ध का पुल के नीचे मिला शव

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-मुहबोले बेटे मिलने पहुचे वृद्ध का पुल के नीचे मिला शव, जिसकी सुचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने जांच विवेचना कर पीएम कराकर शव परिजनो को सपुर्द किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहरसोप के रहने वाले सुखलाल खैरवार 80 वर्ष मंगलवार को ग्राम महुली अपने मुहबोले बेटे मनरूप के घर आया था उसके स्वागत में बीती रात जमकर शराब छलका और आज सुबह उमझर रोड मे



स्थित पुल के नीचे संदिग्ध अवस्था में शव मिला. जिसकी सुचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने पंचनामा कर शव का पीएम कराकर परिजनो को सौप दिया है. मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नही पाये गये फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही बुजुर्ग की मौत कैसे और क्यो हुई बता पायेगी.